डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 261 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 07 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया






## रविवार सुबह बादल, दोपहर में तेज धूप

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शनिवार को शहर सहित अंचल में भारी बारिश का अलर्ट था। हालांकि, दिनभर बादल छाने के बाद रात में कुछ समय के लिए मामूली बारिश का दौर चला। इधर रविवार सुबह बादल छाए रहे। लेकिन, दोपहर में तेज धूप निकली। जिससे गर्मी का असर महसूस किया गया। इधर बारिश की बात करें तो सबसे ज्यादा बारिश भानपुरा में दर्ज की गई है। वहीं मल्हारगढ़ क्षेत्र सबसे पीछे है।

जिले में कुछ जगहों पर पर्याप्त बारिश हुई तो कुछ तहसीलों में इंतजार है। आधे जिले में मानसून की सक्रियता अच्छी है तो आधे में झमाझम का किसान इंतजार कर रहे है। खंड बारिश के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिले में शतप्रतिशत बोवनी हो चुकी है और फसलों के अंकुरण के बाद किसान खरपतवार निकालने की तैयारी में लगा है। इस बीच आधे जिले में बारिश की खेंच ने किसानों की चिंता को बढ़ा दिया है। भानपुरा, मंदसौर व भावगढ़ क्षेत्र में बारिश अच्छी हुई है तो बाकी पूरे जिले में आसमान पर मंडराते बादल बिना बरसे ही जा रहे है। मौसम विभाग के हर दिन बारिश के अलर्ट के बीच मंडराते बादलों को देख उम्मीद भी जाग रही है। लेकिन, बारिश नहीं हो रही है। जहां बारिश हुई वहां और जहां इंतजार है वहां बारिश का अंतर भी बहुत अधिक है। इसलिए किसान बोवनी करने के बाद अब बारिश की राह देख रहे है।

### बादलो के बरसने का इंतजार...

जिले में मौसम विभाग के बारिश के अलर्ट व संभावनाओं के बीच हर दिन आसमान पर घने बादल डेरा भी डाल रहे है। लेकिन, बिना बरसे ही बादल जा रहे है। पिछले कई दिनों से यह सिलसिला चल रहा है। इसलिए इतने दिनों के बाद भी मानसून की सक्रियता के बीच उमस भरी गर्मी का दौर नहीं थमा है। जिले में अब तक खंड बारिश के बीच मानसून की सक्रियता दिखी है। इसी कारण जिले की अधिकांश तहसीलों में झमाझम बारिश का इंतजार है। सीतामऊ, सुवासरा से लेकर मल्हारगढ़, कयामपुर, संजीत क्षेत्र में अब तक कम बारिश हुई है। यहां फसलों को बारिश की दरकार है।

# न बिजली बिल मिल रहे, न मोबाईल पर मैसेज..!

## कनेक्शन कटने पर लग रही जबरदस्ती की चपत

### पेपर लेस वर्किंग की खामियां भुगत रहे 20 प्रतिशत लोग




**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी 'मप्रविविक' ने प्रिंट बिजली बिल देना बंद कर पेपर लेस व्यवस्था शुरु कर दी है। इस नई व्यवस्था में खामियों का परिणाम 20 प्रतिशत उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। शहर में हजारों घर-दुकानों में स्मार्ट मीटर लगा दिए गए है। इसके साथ ही पेपर लेस वर्किंग शुरू की और हार्ड कॉपी में बिजली बिल देना बंद कर दिए। अब उपभोक्ताओं को वाटसएप पर बिल जनरेशन की सूचना दी जा रही है। पहल अच्छी है, लेकिन इसमें खामियां भी सामने आ रही हैं। करीब 20 फीसदी उपभोक्ताओं को न तो वाटसएप पर बिल मिल रहे और न ही टैक्स्ट मैसेज में सूचना पहुंच रही है। खास बात ये है कि पेपर लेस वर्किंग का हवाला देकर बिजली कंपनी कार्यालय से भी बिल की प्रिंट निकालकर नहीं दी जा रही है।**

बिजली कंपनी से बिल नहीं मिलने के कारण सैकड़ो उपभोक्ता परेशान हैं। इनमें ज्यादातर वे हैं जो सामान्य वर्ग या पिछड़ी बस्तियों के लोग हैं। यूं तो आजकल 90 फीसदी लोग एंड्राइड मोबाइल चलाते हैं तथा उनके पास वाटसएप भी हैं। लेकिन, किसी के मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से दिक्कत है तो कई ऐसे हैं, जिनके जो मोबाइल नंबर बिजली कंपनी में पंजीकृत है, उस नंबर पर वाटसएप नहीं हैं। इससे परेशानी आ रही है। कई ऐसे भी है जिनके मोबाइल नंबर अपडेट हैं तथा वाटसएप भी चल रहा है। लेकिन, कंपनी सॉफ्टवेयर में तकनीकी दिक्कत होने से सूचनाएं नहीं पहुंच रही हैं।

### 340 रुपए की लग रही चपत...

कुछ उपभोक्ताओं ने बताया कि बिल की राशि और ड्यू डेट पता नहीं चलने से समय पर बिल नहीं भर पाते तो स्मार्टमीटर होने से ऑटोमेटिक कनेक्शन बंद हो जाता है। फिर राशि भरने के बाद वापस कनेक्शन चालू करने के लिए भी आरसीडीसी (लाइन डिस्कनेक्शन रि-कनेक्शन चार्ज) नाम से 340 रुपए शुल्क देना पड़ता है। ये अतिरिक्त बोझ भी है और लाइन चालू करवाने के लिए बार-बार बिजली कंपनी के चक्कर लगाने की परेशानी है, वो अलग।

### यूनिट खपत व बिल न मिलना सेवाओं में कमी...

उपभोक्ता संरक्षण मामलों के जानकारों से हमने इस संबंध में बात की। उनके अनुसार उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 में उपभोक्ताओं को सेवाओं के बारे में जानने का पूरा अधिकार है। बिजली कंपनी की पेपरलेस वर्किंग अच्छी है। लेकिन, कई उपभोक्ता आज भी एंड्राइड मोबाइल नहीं चलाते हैं। आर्थिक कमजोर लोगों के पास मोबाइल तो है। लेकिन, इंटरनेट बैलेंस नहीं होने से से वाटसएप नहीं चलता है। हार्ड कॉपी में बिल भले ना दें लेकिन मोबाइल पर तो बिल डिटेल भेजना ही चाहिए। वरना किसी उपभोक्ता को कैसे पता चलेगा कि किस महीने कितने यूनिट बिजली खपत हुई। उसका कितना बिल बना है। इसमें कौन-कौन से चार्ज या सरचार्ज जुड़े हैं। यदि वाटसएप या टैक्स्ट मैसेज में भी सूचना नहीं दे रहे हैं तो उपभोक्ता को हार्ड कॉपी में बिल देना चाहिए। ऐसा नहीं करना सेवाओं में कमी का मामला है और इसके लिए उपभोक्ता कंज्यूमर कोर्ट जा सकता है। वहां मानसिक यातना के बदले क्षतिपूर्ति प्रावधान है और कोर्ट तो बिल देने संबंधी आदेश भी कंपनी को दे सकता है।

## करणी सेना प्रमुख जीवन सिंह को आज करेंगे न्यायालय में पेश



**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। करणी सेना प्रमुख जीवनसिंह शेरपुर को पुलिस ने शनिवार को हिरासत में लेने का दावा किया था। लेकिन, भावगढ़ थाने के पहले मामले की जांच अफजलपुर पुलिस कर रही हैं। अफजलपुर पुलिस ने रविवार को जीवनसिंह की गिरफ्तारी की। उन्हें आज सोमवार को न्यायालय में पेश किया जायेगा।**

बता दे कि जीवनसिंह शेरपुर के खिलाफ मंदसौर, रतलाम और नीमच जिलों में पहले से 12 प्रकरण दर्ज हैं। भावगढ़ थाने के एक अपराधिक मामले में भी जीवनसिंह शेरपुर को पुलिस तलाश कर रही थी। वहीं इस मामले में मंदसौर कोर्ट ने जीवनसिंह शेरपुर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया था। आखिरकार इस मामले में जीवनसिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें फिलहाल नई आबादी थाने में रखा गया हैं। आज सोमवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया जायेगा।



## दो साल में मिला एक अरब से अधिक दान, 12 करोड़ श्रद्धालुओं ने किये दर्शन

**उज्जैन, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में श्रद्धालुओं की संख्या में बड़ी वृद्धि हुई है। बीते दो साल में 12.32 करोड़ श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे। इससे महाकाल मंदिर में मिलने वाला दान बीते दो वर्ष में एक अरब रुपये को पार कर गया। महाकाल मंदिर में किसी समय 15-20 करोड़ रुपये सालाना दान आता था।

### दान राशि में एकाएक वृद्धि...

महाकाल लोक बनने के बाद दान राशि में एकाएक वृद्धि हो गई। वर्ष 2023-24 में दान 59.91 करोड़ रुपये रहा। वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 51.22 करोड रुपये रहा। यानि दोनों वर्ष का मिलाकर यह आंकड़ा एक अरब को पार कर गया। यह राशि सिर्फ भेंट पेटियों में डाले गए दान की है।

### गत वर्ष उज्जैन आने वालों का आंकड़ा 07.32 करोड़ रहा...

मंदिर में अन्य कमाई भी मिला दो तो आंकड़ा कहीं अधिक है। इसके साथ ही उज्जैन में पहुंचने वाले पर्यटकों की संख्या भी बीते दो वर्ष में मिलाकर 12.32 करोड़ रही। गत वर्ष का आंकडा 7.32 करोड़ रहा। आने वाले श्रावण मास में श्रद्धालुओं की संख्या में बेतहाशा वृद्धि का अनुमान है।

## गांधीसागर नलजल योजना: नये साल के पहले धरातल पर उतरेगी योजना

### मंदसौर-नीमच के 915 गांव और 07 नगर परिषदों तक पहुंचेगा पानी



**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वर्ष 2025 के अंत तक या नये साल की शुरुआत में गांधी सागर समूह नल-जल योजना के तहत चल रहा काम पूरा किए जाने का दावा किया जा रहा है। अर्थात अविभाजित मंदसौर जिले के 915 गांव एवं 07 नगर परिषदो में योजना के तहत जल सप्लाय का काम शुरू हो जाएगा। बताया गया है कि योजना में अब तक 87 फीसदी कार्य पूर्ण हो चुका है। अधिकारियों ने अस्थायी पंप हाउस की पाइप लाइन 4 मीटर और पानी के अंदर तक डाल दी है। अधिकारी दो-तीन दिन में प्रथम चरण में रामपुरा से कुकड़ेश्वर तक 100 गांव की पेयजल लाइन की टेस्टिंग शुरू करेंगे। अधिकारियों के अनुसार साल के अंत तक बाकी कार्य पूर्ण कर नीमच व मंदसौर जिले के 915 गांव एवं 07 नगर परिषद में जलप्रदाय शुरू करेंगे।

रामपुरा के खिमला क्षेत्र में 10 हजार करोड़ रुपए से ग्रीन को कंपनी द्वारा हाइड्रो पावर प्लांट बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांधीसागर के बैंक वाटर एरिया में कौपर डेम का निर्माण होना है। बांध का वाटर लेवल अधिक होने पर निर्माण में समस्या आ रही थी। इसके चलते मई में गांधीसागर बांध के 5 छोटे गेट खोलकर पानी छोड़ा गया था। योजना में पेयजल लाइन टेस्टिंग के लिए ठेकेदार ने सालरमाला में 04 करोड़ रुपए खर्च कर अस्थायी पंप हाउस बनाया था। इससे 13 मई से टेस्टिंग शुरू होना थी। पानी छोडने से सालरमाला में वाटर लेवल कम होने से टेस्टिंग का कार्य रुक गया। इसके बाद जल निगम ने करीब 04 मीटर गहराई तक पाइप लाइन को बढ़ाया व पंप वापस लगाए। जल निगम ने प्रथम चरण में रामपुरा से कुकड़ेश्वर तक 100 गांवों की पेयजल लाइन टेस्टिंग की तैयारी पूर्ण कर ली है। विगत दिवस भी अधिकारी-कर्मचारियों ने पंप की जांच की। अधिकारियों के अनुसार इसी सप्ताह टेस्टिंग का कार्य प्रारंभकर लिया जाएगा।

पेयजल योजना के अंतर्गत नीमच जिले के 646 गांव और मंदसौर जिले के 269 गांवों में पानी पहुंचेगा। वहीं नीमच की 06 और मंदसौर की 01 नगर परिषद को भी शामिल किया है। इसमें नीमच की सरवानिया महाराज, सिंगोली, अठाना, रतनगढ, जीरन और कुकडेश्वर नगर परिषद शामिल है।

### दोनों जिलों में 318 टंकियां बनेंगी...

अविभाजित मंदसौर अर्थात मंदसौर - नीमच दोनों जिलो को 07 जोन में बांटा गया है। योजना में 318 पानी की टंकियां बन रही हैं। इनमें पानी पहुंचाने के लिए 06 बड़ी टंकियां बनाई जा रही हैं। इनका काम तेज गति के साथ चल रहा है। साल के अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

### वन विभाग से भी एनओसी मिली...

योजना में रामपुरा, मनासा, मोरवन, रतनगढ़ क्षेत्र में वन विभाग की जमीन से करीब 120 किमी पेयजल पाईप लाइन निकाली जाना है। इसके लिए जल निगम ने लंबे समय से अनुमति के लिए आवेदन कर रखा था। अधिकारियों के अनुसार वन विभाग से अनुमति मिल गई है। दो से तीन माह में बाकी लाइन का कार्य भी पूर्ण कर लिया जाएगा।



## बीते सप्ताह 02 हजार रुपए महंगी हुई चांदी

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** चांदी के भाव में तेजी लगातार जारी है। सराफा बाजार में रविवार अवकाश से पहले शनिवार को भाव में 600 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई और भाव 01 लाख 07 हजार 600 रुपए प्रतिकिलो पहुंच गए। यह ऑल टाईम हाई भाव हैं। वहीं बीते सप्ताह चांदी दो हजार रुपए प्रतिकिलो मंहगी हुई है। सोमवार को खुलते बाजार इसके भाव 01 लाख 05 हजार 600 रुपए प्रतिकिलो थे।

### सोने के भाव में स्थिरता...

चांदी के भाव भले ही लगातार बढ़ रहे हैं और इसके भाव रोज नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। लेकिन, सोने के भाव 97 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम के आसपास ही बने हुए हैं। इस सप्ताह सोना इसी के आसपास बिका। वहीं जेवराती सोने के भाव 89 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम के आसपास बने हुए हैं।









## पशुपतिनाथ मंदिर में चांदी की पॉलिश शुरू

### धूप- बारिश से भक्तों के बचाव के लिये बन रहे अस्थाई शेड

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। श्री पशुपतिनाथ मंदिर में 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूजा पाठ से सावन माह प्रारंभ हो जाएगा। जिसको लेकर विश्व विख्यात अष्टमुखी भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में सावन माह से पूर्व तैयारी शुरु हो चुकी है। रविवार को रतलाम से आए भोले के भक्तों की टोली द्वारा गर्भ गृह में लगे चांदी के रुद्रयंत्र, चांदी के छत्र व चांदी के दरवाजों पर पॉलिश करने का कार्य किया जा रहा है।**

बता दे कि प्रतिवर्ष सावन माह से पूर्व चांदी के रुद्र यंत्र व चांदी के छत्र सहित चांदी के दरवाजों के साथ ही अन्य चांदी के उपकरणों पर पॉलिश का कार्य किया जाता है। सावन माह को देखते हुए मंदिर परिसर में साज सज्ञा का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। जल्द ही भगवान पशुपतिनाथ मंदिर पर आकर्षक विद्युत सज्ञा का कार्य भी किया जाएगा। पूरे सावन माह में चार सोमवार आएंगे, जिसके चलते पशुपतिनाथ मंदिर में विशेषकर सावन सोमवार पर आने वाले भगवान के भक्तों के दर्शन के लिए व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कर ली गई है। बारिश से भक्तों को बचाने के लिए पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में स्थाई रूप से शेड लगाया जा रहे हैं। ताकि मंदिर में आने वाले भक्तों का बारिश व धूप से बचाव हो सके।

उल्लेखनीय हैं कि भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में सावन माह में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। भगवान पशुपतिनाथ जी की शाही पालकी व शाही सावरी भी निकाली जाएगी। जिसको लेकर भोले के भक्तों द्वारा तैयारिया शुरू कर दी गई है। 10 जुलाई गुरु पूर्णिमा से प्रारंभ होने वाला सावन माह पूरे एक माह का रहेगा। जिसमें चार सावन सोमवार आएंगे। सावन माह में सोमवार का विशेष महत्व रहता है। इस दिन बड़ी संख्या में भगवान भोले के भक्त पूजा अर्चना करते हैं और दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं।



# डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर नपा द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रविवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर नपा परिषद मंदसौर के द्वारा मंदसौर नगर में दो स्थानों पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किये गये। किटयानी स्थित नई पानी की टंकी वाले नवीन चित्रगुप्त उद्यान में नपा परिषद के द्वारा कायस्थ समाज के सहयोग से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। वार्ड नं. 1 की किटयानी के इस उद्यान का नामकरण नपा परिषद ने कायस्थ समाज की मांग पर चित्रगुप्त उद्यान करते हुए उद्यान की देखरेख की जिम्मेदारी कायस्थ समाज को सौंपी है। कायस्थ समाज इस उद्यान को सुंदर व विकसित करने का कार्य जनसहयोग से आगामी समय में करेगा। रविवार को कटयानी में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, भाजपा जिलाध्यक्ष पं. राजेश दीक्षित, सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री गिरीराज सक्सेना, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, भाजपा मण्डल अध्यक्षगण अरविन्द सारस्वत, विनोद डगवार, भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती निर्मला गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती प्रीति रोखले, महिला नेत्री श्रीमती रमा माथुर, नपा सभापति रमेश ग्वाला, रेडक्रास सोसायटी के पूर्व चेयरमेन प्रीतेश चावला ने सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त एवं उसके पश्चात् श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उसके बाद उद्यान में पौधरोपण किया। इस अवसर पर नपा सभापतिगण श्रीमती दीपमाला मकवाना, कौशल्या बंधवार, सत्यनारायण भांभी, निलेश जैन, शांति दिनेश फरक्या, पार्षदगण गोवर्धन कुमावत, प्रमिला गोयल, आशीष गौड, भारती धीरज पाटीदार, दीपक गाजवा, नरेन्द्र बंधवार, रेखा राजेश सोनी, भावना जयप्रकाश पमनानी, पूर्व पार्षद संध्या शर्मा, कायस्थ समाज के संरक्षक चंद्रशेखर निगम, डॉ. लालबहादुर श्रीवास्तव, राजेन्द्र शरण भटनागर, महामंत्री केशरीमल जटिया, युवा नेता राजेश गुर्जर, किटयानी के महेश जुनवाल, राहुल हरगौड़, संजय जैन किराना, किशोर चौरड़िया, भाजपा मण्डल महामंत्री अमन फरक्या, दिनेश रियार, अरविन्द नवले, पंकज बोरीवाल, जगदीशचन्द्र शर्मा, जयंत उदिया, नपा के अजय शर्मा, एसपीसिंह, आदि कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे। इन सभी के द्वारा भी पौधरोपण किया गया।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने कहा कि कायस्थ समाज ने चित्रगुप्त उद्यान की देखरेख की जो जिम्मेदारी ली है वह सराहनीय है। आगामी समय में नपा इस उद्यान में जो भी आवश्यक कार्य होगा पूर्ण कराकर कायस्थ समाज को यह उद्यान देखरेख के लिये सौंप देगी। कायस्थ समाज की भांति मेरा अन्य समाज से भी आग्रह है कि वे पौधरोपण के लिये आगे आये। भाजपा जिलाध्यक्ष पं. दीक्षित ने कहा कि प्रकृति हमें अन्न जल सब देती है हम भी प्रकृति की रक्षा में अपना जीवन समर्पित करे। कार्यक्रम में श्री दीक्षित ने पौधों की देखरेख के लिये लोगों से आगे आने का आव्हान भी किया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री गिरीराज सक्सेना ने भी अपने विचार रखे। स्वागत भाषण नपा उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती नम्रता चावला ने दिया। संचालन लालबहादुर श्रीवास्तव ने किया आभार रमा माथुर ने माना। रेवासदेवड़ा डिवाइडर पर भी हुआ पौधरोपण- किटयानी के उपरांत सभी अतिथिगण वार्ड नं. 22 स्थित रेवास देवड़ा रोड पहुंचे और उन्होनें वृद्धाश्रम के सामने डिवाइडर का कार्य पूर्ण किया। इस मौके पर समाजसेवी डॉ. बागड़ी, श्रीमती प्रीति बागड़ी, वृद्धाश्रम प्रबंधक श्रीमती प्रियंका राजोरा, कविता शर्मा, एसआर जांगिड़, प्रहलाद लागावत, क्षेत्रीय पार्षद कौशल्या बंधवार, समाजसेवी नरेन्द्र बंधवार ने भी पौधरोपण किया।

# नालियों की सफाई व सड़क पर गड्ढे होने से हल्की बारिश में ही सड़क पर भरा रहता पानी

## गंदगी से मच्छरों का भी प्रकोप ज्यादा बढ़ गया, जिससे बीमारी का भी खतरा बढ़ा

**खजूरीआंजना, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में अभी तक तो सही तरीके से मानसून ने दस्तक भी नहीं दी और हाल ही में हल्की बारिश व बुदाबांदी से सडकों पर पानी भर गया है जिससे स्वच्छ भारत मिशन की पोल खुलती हुई नजर आ रही है सड़क के आसपास में नालियों की सफाई व प्रधानमंत्री सड़क पर बने गड्ढे होने की वजह से हल्की-फुल्की बारिश से ही गांव की मुख्य सड़क पर पानी भर जाता है जिसकी वजह से स्कूल जाने आने वाले छात्रों व सड़क से गुजरने वाले राहगीर नीचे गिर जाते हैं जिसकी वजह से छोटे-मोटे बच्चे स्कूल भी नहीं पहुंच पाते हैं और वापस वही कीचड से लौटकर घर पर आना पडता है व हल्की बारिश से ही सड़क पर पानी भर जाता है भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है अगर समय से पहले ठेकेदार ने ध्यान नहीं दिया तो नगर की सड़क को तालाब बनने से कोई नहीं रोक सकता है और अधिकारियों को इस ओर ध्यान देने की शख्त से सख्त जरूरत हैं क्योंकि सड़क किनारे वाली नाली पर गाद जमी हुई है वह सड़क के आसपास घर वाले को भी काफी



परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वह अभी हल्की-फुल्की बारिश में भी हरे चारे कि भरमार से पटी है वह इस बार तेज बारिश होते ही रोड पर तालाब जैसा नजारा देखने को मिलेगा वह पिछले साल भी पानी की सही तरीके से निकासी व साफ सफाई नहीं होने से पुरे रोड पर दो-तीन फीट पानी भर गया था जिस वजह से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा वह कहीं वाहन सड़क पर गड्ढे होने कि वज़ह से गिर गये व कहीं लोग चोटिल भी हुए हैं !! कुचड़ोद रोड से खजुरी आंजना डामरीकरण की कुल लंबाई 0.689 किलोमीटर है जो कि गांव तक प्रधानमंत्री सड़क योजना निर्माण किया गया है लेकिन निर्माण के दौरान जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते निर्माण किया गया था अब हालात यह है कि मार्ग में जगह-जगह गड्ढे पढ़ने से वाहनों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है लेकिन अभी तक कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है जिसका खामियाजा अब राहगीरों व ग्रामीणों को भुगतना पड रहा है।

**पुलिया में भी गड्ढे हुए लेकिन सुधार कर सड़क रिपेयरिंग का काम भुले ठेकेदार–** पुलिया में भी काफी गड्ढे होने की वजह से कहीं बार वाहन चालक गिरने से चोटिल हुए थे इनकी खबरें हमने प्रकाशित की थी इसके बाद ठेकेदार ने पुलिया पर आर सीसी कर पुलिया को सही किया गया लेकिन ठेकेदार 0. 689 किलोमीटर की प्रधानमंत्री सड़क योजना का पैच वर्क करना ही भुले!! पूरी सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है कूचड़ोद रोड से खजुरी आंजना गांव की सड़क की 5 साल की गारंटी है लेकिन गारंटी पीरियड में भी कोई मरम्मत करने वाला नहीं मिला आज तक!! जिससे ग्रामीण सहित आसपास की जनता को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**क्या कहते हैं जिम्मेदार**

इस मामले को लेकर ठेकेदार अजय बसेर से चर्चा कि गई तों बताया कि दो-तीन दिन में आकर देख कर सही करवा देंगे।

**अजय बसेर ठेकेदार मंदसोर**

सरपंच गजराज सिंह चावड़ा ने बताया कि 1 साल से ज्यादा हो गया कहीं बार ठेकेदार को अवगत कराया लेकिन ठेकेदार की मनमानी कहें या लापरवाही की वजह से आज तक प्रधानमंत्री सड़क योजना ठिक नहीं कराई गई।

**ग्राम पंचायत जोगीखेड़ा सरपंच गजराज सिंह चावड़ा**

यशवंत आंजना ने बताया कि पुरे रोड पर कीचड फैला हुआ है मच्छरों का भी काफ़ी प्रकोप फैल गया है और जिम्मेदारो का इस ओर कोई ध्यान नहीं है और कई बार हमने 181 पर शिकायत करी थी लेकिन कोई निराकरण नहीं हुआ और निजी पैसे से घर के आगे पाइप डालकर सही करवाया गया।

**यशवंत आंजना**
**ग्रामीण खजुरी आंजना**

# सांसद सुधीर गुप्ता ने मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित जिला शिक्षा सशक्तीकरण कार्यक्रम में सहभागिता की

**मंदसौर/नीमच, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने सिक्किम केय राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर एवं राजस्थान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में बालोतरा के ग्राम पादरू में मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन द्वारा आयोजित बालोतरा जिला शिक्षा सशक्तीकरण कार्यक्रम के विधिवत शुभारंभ कार्यक्रम में सहभागिता की। उन्होने बताया कि ओसवाल फाउंडेशन द्वारा प्रदत 100 करोड रु की राशि से क्षेत्र के बच्चों को स्किल शिक्षा हेतु प्रशिक्षित किया जाएगा। अभियान के तहत बालोतरा में 87 बीघा भूमि पर शिक्षा का अनूठा हब स्थापित किया जाएगा, जिससे जिले के एक लाख बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। 400 स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस हब में बालिका शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान को भी विशेष रूप से शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होने कहा कि मोतीलाल ओसवाल फाउंडेशन द्वारा अपनी मातृभूमि के लिए शिक्षा के क्षेत्र में जो अभिनव प्रयास प्रारंभ किए गए हैं उससे बालक-बालिकाओं एवं युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। इस फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय शिक्षण संस्थानों को वित्तीय मदद भी उपलब्ध करवायी गई है।



इसी के साथ ही सांसद गुप्ता ने उपस्थित अतिथियों के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के अंतर्गत पादरू में आयोजित शिविर का अवलोकन किया तथा विभिन्न विभागों की स्टॉल्स पर लाभार्थियो से संवाद किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की लाभार्थी प्रेमलता को चौक एवं रेखा को गोद-भराई किट प्रदान की। उन्होंने लाभार्थियों को राज योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना के चौक एवं निक्षय पोषण किट भी वितरित किए। साथ ही, मंगला पशु बीमा पॉलिसी एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के प्रमाण पत्रों का वितरण किया। वहीं, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की स्टॉल पर लाभार्थियों को मकान के पट्टे सौंपे एवं दिव्यांगों को इलेक्ट्रॉनिक व्हीलचेयर भी वितरित की। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, सुधीर गुप्ता, विधायक हमीर सिंह भायल, अरूण चौधरी, अतुल भंसाली, आदूराम मेघवाल, मोतीलाल ओसवाल, जवेरीलाल ओसवाल, प्रख्यात कवि शैलेष लोढ़ा, विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



# विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल की जिला बैठक में कार्यक्रमों की योजना बनाई

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक बंजारी बालाजी मंदिर प्रांगण में रविवार को आयोजित हुई जिसमें विहिप के विभाग मंत्री अनुपालसिंह झाला का मार्गदर्शन संगठन के आगामी कार्यक्रमो को लेकर मिला। बैठक में मन्दसौर जिले के सभी प्रखंडों के करीब 150 से अधिक दायित्ववान कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। रविवार दोपहर 12 बजे विहीप मन्दसौर जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह मंडलोई, जिला मंत्री हेमन्त बुलचंदानी, बजरंगदल जिला संयोजक अनिल धनगर द्वारा भारत माता एवं प्रभु श्री राम के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीपप्रज्वलन के साथ जिला बैठक को प्रारम्भ किया जिसमें संघठन द्वारा किये जाने वाले जिले में आगामी कार्यक्रमों से सम्बंधित चर्चा कर योजना बनाई जिसमे अखंड भारत सन्कल्प दिवस प्रत्येक प्रखण्ड एवं खण्ड केंद्रों पर मनाना, विश्व हिन्दू परिषद स्थापना दिवस आयोजन को बड़े स्तर पर मनाना, जिला अर्चक पुरोहित सम्मान सम्मेलन का आयोजन करना, बजरंगदल छात्र इकाई का वनसंचार कार्यक्रम करना एवं बाबा बूढ़ा अमरनाथ चट्टानी की यात्रा की तैयारी करना प्रमुख विषय थे। विहीप के विभाग मंत्री अनुपालसिंह झाला ने इन महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर गाँव गाँव मे संघठन के कार्य विस्तार एवं नए कार्यकर्ताओ को जोड़ने की बात कही। बैठक उपरांत सभी कार्यकर्ताओं का स्नेह भोज आयोजन बंजारी बालाजी मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुवा। उक्त जानकारी विहीप के जिला प्रचार प्रसार प्रमुख गोविंद पेंटर खेजड़िया द्वारा दी गई।

# चिपलाना में यात्री प्रतीक्षालय नहीं, यात्रियों को हो रही भारी परेशानी

**हरीश टेलर**

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिले के चिपलाना गांव में यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण ग्रामीणों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। तेज धूप और बारिश के दौरान यात्री आसपास की दुकानों या पेड़ों के नीचे शरण लेने को मजबूर हैं। बारिश के दिनों में कई बार यात्रियों का सामान भीगकर खराब हो जाता है, जिससे आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ता है। स्थानीय निवासी मनीषा पाटीदार, बालकिशन विश्वकर्मा, मधुसूदन पाटीदार, गोपाल मालवीय और डॉ. प्रद्युम्न बैरागी ने बताया कि प्रतीक्षालय नहीं होने से बुजुर्गों, मंहिलाओं और बच्चों को विशेष रूप से कठिनाई होती है। बैठने की पर्याप्त जगह नहीं है और कई बार बारिश में भीगना मजबूरी बन जाती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाए, ताकि यात्रियों को मौसम की मार से राहत मिल सके और उन्हें सुरक्षित स्थान मिल सके बैठने और प्रतीक्षा करने के लिए।

# योग गुरु महेश कुमावत उज्जैन संभाग प्रभारी नियुक्त

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** म.प्र.योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन योगासन भारत (पूर्वनाम राष्ट्रीय योगासन खेल महासंघ) से मान्यता प्राप्त और संबद्ध, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त, मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ म.प्र.योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष वेदप्रकाश शर्मा,आईपीएस (से.नि.) एवं सचिव दिनेश सिंह ठाकुर द्वारा दलौदा योग गुरु महेश कुमावत को उज्जैन संभाग प्रभारी नियुक्त किया जो उज्जैन संभाग के समस्त जिलों में योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन को सुचारू रूप से कार्यों का निष्पादन करेंगे व उज्जैन संभाग के अंतर्गत सभी जिलों के जिला योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन संबंधित कार्यों का समन्वय च पर्यवेक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।



श्री कुमावत ने बताया कि मध्यप्रदेश योगासन स्पोटर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में संभाग के सभी जिलों में होगी जिला योगासन प्रतियोगिताए बच्चों से लेकर बड़ों तक की आयोजित होगी जिसमें सभी अपनी किस्मत अजमा सकते है। चयनित खिलाडी आगामी राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में भाग लेंगे जहां से खेलो इंडिया नेशनल गेम्स एवं राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता हेतु खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

# दलावदा में स्व सहायता समूह की महिलाओं को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** एक बगिया मां के नाम अभियान अंतर्गत सीतामऊजनपद के ग्राम दलावदा में स्व सहायता समूह की महिलाओं को बगिया लगाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन ने प्रशिक्षण में पहुंचकर स्व सहायता समूह की महिलाओं को एक बगिया मां के नाम अभियान अंतर्गत बगिया लगाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। फलोद्यान लगाने हेतु स्वसहायता समूह की चयनित महिलाओं को प्रशिक्षण देकर फलोद्यान के लिए प्रेरित किया। अभियान अंतर्गत योजनाओं के बिंदुओं एवं वृक्षारोपण से जुडी फेंसिंग तथा सिंचाई की तैयारी, हितग्राहियों के चिन्हांकन, स्थल चयन, पौधारोपण की तैयारी, लागत संबंधी विवरण, पौधारोपण प्रक्रिया, अनुश्रवण (मॉनिटरिंग) तथा अन्य संबंधित गतिविधियों हेतु जानकारी प्रदान की गई। इस परियोजना अंतर्गत पौधारोपण 15 अगस्त से 15 सितंबर तक एक अभियान के रूप में किया जाएगा। एक बगिया माँ के नाम' परियोजना के अंतर्गत आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिला सदस्य, जो स्वयं की भूमि पर फलदार पौधारोपण करने हेतु इच्छुक हो, उसका चयन किया जाए। इस दौरान जनपद पंचायत सीईओ, मनरेगा के सहायक यंत्री एवं आजीविका मिशन के कर्मचारी सहित पंचायत कर्मचारी उपस्थित थे।



# खुशी तोमर ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 उत्तीर्ण कर गौरव बढ़ाया

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अभिभाषक डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर एवं जिला कांग्रेस महामंत्री श्रीमती बबीतासिंह तोमर की ज्येष्ठपुत्री खुशी तोमर ने सीए इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 उत्तीर्ण पर परिवार एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। खुशी तोमर प्रारंभ से ही प्रतिभावान छात्रा रही है। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों के साथ साथ स्नेहीजनों ने बधाई शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# हिमांशु अग्रवाल बने सीए, परिवार का बढ़ाया मान

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्व. श्री किरणमल जी सिंहल बब्लू सेठ का पौत्र एवं कृषि उपज मंडी स्थित अग्रवाल रेस्टोरेंट के संचालक श्री संजय अग्रवाल (अमृत ) के सुपुत्र हिमांशु अग्रवाल ने सीए फाइनल परीक्षा 2025 उत्तीर्णकर परिवार, समाज और नगर का मान बढ़ाया। हिमांशु आरम्भ से ही पढ़ाई करने में रुचि रखता था। हिमांशु की माता ऋतु अग्रवाल ग्रहणी है। हिमांशु की इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर परिजनों दादीजी श्रीकांता अग्रवाल, ताऊजी राजकुमार अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, अनिल अग्रवाल ने उन्हें शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# भानपुरा एवं छपकौली में परम्परानुसार मनाई जाएगी गुरुपूर्णिमा

## शंकराचार्य छपकौली व युवाचार्य करेंगे भानपुरा में गुरुपाद पूजा, वर्षावास भानपुरा में

**नीमच, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ (म.प्र.) एवं ब्रम्हलीन स्वामी दिव्यानंदजी तीर्थ की तप:स्थली छपकौली, तह.बाबूगढ छावनी, जि.हापुड (उ.प्र.) में गुरूपूर्णिमा पर्व (10 जुलाई 2025) परम्परानुसार मनाया जाएगा। शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंदजी तीर्थ छपकौली (उ.प्र.) में एवं युवाचार्य वरूणेन्द्र जी तीर्थ शंकराचार्य मठ, भानपुरा में वैदिक परम्परानुसार गुरूपादपूजा करेंगे।

उक्त जानकारी देते हुए ज्योतिर्मठ अवान्तर भानपुरा पीठ से प्रकाशित मासिक पत्रिका अवान्तर ज्योति के सम्पादक रूद्र पाराशर ने बताया कि भगवान् श्री चन्द्रमौलीश्वर की अहैतुकी कृपा प्रसाद एवं अनंतश्रीविभूषित ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठधीश्वर जगद्गुरु शङ्कराचार्य ब्रह्मलीन स्वामिश्री दिव्यानंद जी तीर्थ के अमोघ शुभाशीर्वाद स्वरूप अनन्तश्रीविभूषित ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ (म.प्र.) जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री ज्ञानानंद जी तीर्थ एवं युवाचार्य स्वामी वरुणेन्द्र जी तीर्थ का वि. सं. 2082 का चातुर्मास्य (वर्षावास)-व्रत-अनुष्ठान रेवा तट अर्थात भानपुरा, जिला मंदसौर (म.प्र.) स्थित ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ में होने जा रहा हैं। चातुर्मास्य (वर्षावास)-व्रत-अनुष्ठान से पूर्व गुरु पूर्णिमा पर्व पर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामीश्री ज्ञानानन्द जी तीर्थ छपकौली, जिला हापुड (उ.प्र.) में एवं युवाचार्य स्वामी वरुणेन्द्र जी तीर्थ ज्योतिर्मठ अवांतर भानपुरा पीठ, भानपुरा (म.प्र.) पर गुरु पाद पूजन करेंगे। श्री पाराशर ने गुरु पूर्णिमा एवं चातुर्मासान्तर्गत इस पुनीत पावन अवसर पर अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर पूज्यपाद महाराजश्री के दिव्य दर्शन, कल्याणकारी सत्संग श्रवण एवं पावन सान्निध्य प्राप्त करने का आग्रह किया है।



# रावत मीणा समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

**मनासा, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रावत मीणा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं का प्रतिभा सम्मान समारोह श्री सहस्त्र मुखेश्वर महादेव की नगरी कुकडेश्वर में 6 जुलाई रविवार को सम्पन्न हुआ। भोपाल से कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष गजेंद्र सिंह रावत, सोहन लाल मीणा, मनोहर मीणा (प्रदेश प्रवक्ता) आदि कार्यक्रम में बतौर अथिति थे। कार्यक्रम में रावत मीणा समाज के लगभग 200 बच्चों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निरन्तर चलता रहा। अतिथियो द्वारा समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र प्रदान कर मंच के माध्यम से सम्मानित किया। अतिथियो ने कार्यक्रम में उद्बोधन के दौरान बताया है कि जीवन मे शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। शिक्षा हमे बेहतर जीवन जीना सिखाती है। इस हेतु रावत मीणा समाज भी अपने बालक बालिकाओं को अनिवार्य रूप से शिक्षा दिलवाए। उक्त कार्यक्रम में बीजेपी मण्डल अध्यक्ष मदन रावत, रामकिशन रावत, कन्हैयालाल रावत, सुरेश रावत, हरिसिंह रावत, घनश्याम रावत सहित रावत मीणा समाज के वरिष्ठजन व युवा साथी मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन दशरथ रावत कराड़िया द्वारा किया गया। कार्यक्रम समापन पश्चात सभी उपस्थित जन का सहभोज मन्दिर परिसर में हुआ।




# पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड और पशुधन बीमा योजना का लाभ प्राप्त करें

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग मंदसौर द्वारा बताया गया कि किसान क्रेडिट कार्ड अभियान के अंतर्गत पशुपालकों को कार्यशील पूंजी की आवश्यकता की पूर्ति हेतु पशुपालन गतिविधियों से जोडने की कार्यवाही की जा रही है।

पशुपालन की गतिविधियों में पशुपालक के के.सी.सी. लिंकेज होने पर पशुचारा, दाना, बाटा क्रय करने हेतु बैंक शाखा के द्वारा प्रति गाय 18 हजार रू एवं प्रति भैंस 20 हजार रू राशि 3 माह के लिये प्रदाय की जायेगी। पशुपालक राशि 3 माह में जमा करके पुन: राशि आवश्यकता अनुसार प्राप्त कर सकता है। भारत सरकार, मत्स्य पालन, पशु पालन एवं डेयरी मंत्रालय एवं डेयरी मत्रालय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम) वर्ष 2024-25 हेतु रिस्क मैनेजमेंट एण्ड लाइवस्टॉक इंश्योरेंस (पशुधन बीमा) के अंतर्गत रिस्क मैनेजमेंट एण्ड लाइवस्टॉक इंश्योरेंस (पशुधन बीमा) योजना क्रियान्वित की जा रही है। पशुओं का बीमा एक वर्ष या तीन वर्ष के लिये किया जाना है। एक वर्ष के लिए बीमा प्रीमीयम दर 3.50 प्रतिशत, दो वर्ष के लये बीमा प्रीनीयम दर 6.50 प्रतिशत एवं तीन वर्ष के लिये बीमा प्रीगीयम दर 9.00 प्रतिशत निर्धारित की गई। एक पशुपालक के अधिकतम 05 बडे एवं 50 छोटे (भेड़, बकरी) पशुओं का बीमा किया जा सकता है। समस्त पशुपालक किसान क्रेडिट कार्ड एवं पशु बीमा हेतु स्थानीय पशु चिकित्सक से संपर्क कर योजनाओं का लाभ उठायें।

# प. मुखर्जी को पुष्पांजलि के पश्चात एक पौधा मां के नाम पर किया पौधारोपण

**जावरा, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जहाँ बलिदान हुए मुखर्जी वह कश्मीर हमारा है के नारों के साथ भारतीय जनसंघ के सस्थांपक व भाजपा के पितृपुरुष पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा स्थानीय इकबाल गंज मेला मैदान पर मनाई गई, उक्त जानकारी देते हुए मिडिया प्रभारी संदीप रांका ने बताया कि सर्वप्रथम पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कि इस मौके पर पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष नंदकिशोर महावार ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुआ कहा की देश की आजादी के बाद डॉ.मुखर्जी पहले शहीद व्यक्ति थे उन्होंने तात्कालिन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की सरकार में केन्द्रीय मंत्री होते हुए सरकार की कश्मीर विरोधी निती का विरोध करते हुए एक देश दो निशान दो प्रधान का विरोध करते हुए आंदोलन किया व मंत्री पद छोड दिया, इस दौरान उन्हें गिरफ्तार किया गया जहाँ जेल में ही रहस्यमयी तरीके से मुखर्जी की मौत हो गई थी, उनके द्वारा जो अलख जगाया था वह अलख आज भारतीय जनता पार्टी के रूप मे विश्व कि सबसे बड़ी पार्टी के रुप में है हम सब उसके कार्यकर्ता हैं।

मीडिया प्रभारी संदीप रांका ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल जावरा द्वारा पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि के पश्चात एक पौधा मां के नाम पर वृक्षारोपण इकबाल गंज मैला मैदान पर किया गया है इस दौरान नगर मंडल के पूर्व अध्यक्ष अभय कोठारी, महामंत्रीद्वय अनिल धारीवाल, मनीष उंटवॉल के साथ सुरेश चोरडिया, अजय सकलेचा वृक्षारोपण के सयोंजक संदीप रांका, सह संयोजकद्वय शरद डुंगरवाल, यश सकलेचा श्यामाप्रसाद मुखर्जी जन्म जयंती सयोंजक धनश्याम सोलंकी के साथ पार्षद तेजसिंह कदम, पार्षद रजत सोनी, पार्षद अनिल मोदी, पार्षद प्रतिनिधि द्वय सोनु यादव, चंद्रप्रकाश सोलंकी, के साथ पंकज काठेंड, मोतीलाल यादव, महेंद्र चौहान, आकाश जैन, ओमप्रकाश यादव, सुभाष टुकडिया, वीरेंद्र सिंह सोलंकी, शरीफ कुरेशी,आसिफ मिर्जा, अफाक अहमद, अनिल त्रिवेदी, विशाल मेहता, विनोद चौरसिया,शकील खान, योगेश यादव, गोविन्द यादव आदि उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अनिल धारीवाल ने किया आभार महामंत्री मनीष उंटवाल द्वारा व्यक्त किया गया है। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी संदीप रांका द्वारा दी गई।



# स्वामी टेऊराम जी महाराज का छठी महोत्सव मनाया

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आचार्य सतगुरु स्वामी टेउँराम जी महाराज का 139 वां छठी महोत्सव श्री प्रेम प्रकाश आश्रम मन्दसौर में मनाया गया।

इस आशय की जानकारी श्री प्रेम प्रकाश सेवा मण्डली की महिला प्रमुख दादी पुष्पा पमनानी ने देते हुए बताया की सिन्धी हिन्दू सनातन धर्म में बालक के जन्म के छठे दिन नामकरण संस्कार किया जाता हैं जिसमें ब्राह्मण द्वारा जन्म लिये बालक की पत्रिका लिखकर देता है और जन्म लिये बालक का नामकरण संस्कार किया जाता हैं। यह संस्कार अति आवश्यक व महत्वपूर्ण होता है, अत: जन्म के छठे दिन नामकरण संस्कार को छठी महोत्सव कहा जाता है उसी परंपरा अनुरूप सतगुरुओं, महात्माओं का भी छठे दिन यह महोत्सव मनाया जाता हैं। श्री टेउँराम महाराज के जन्मोत्सव के छठे दिन 5 जुलाई शनिवार को श्री प्रेम प्रकाश आश्रम में प्रतिमा को पंचामृत से अभिषेक कर गंगा जल से स्नान कर, नये वस्त्र आभूषण से श्रृंगार कर, झूला पालना की सुन्दर झांकी के साथ मनोरथ किया गया। महिला मण्डली की महिलाओं ने मंगल गीत व बधाइयां के गीत गाकर हर्षोल्लास व उमंग के साथ छठी महोत्सव सम्पन्न किया एवं आरती पल्लव पाकर प्रसाद वितरित किया गया। आभार प्रदर्शन श्रीमती माला मुलचंदानी एवं देवकी कोठारी ने प्रकट किया।




# भाजपा के सभी मंडलों में डॉ. मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई, पौधारोपण व संगोष्ठियां हुई

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में मंदसौर जिले के सभी भाजपा संगठनात्मक मंडलों में श्रद्धेय डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर कार्यकर्ताओं को डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय, बलिदान और उद्देश्य पर विस्तृत जानकारी संगोष्ठी के माध्यम से प्रदान की गई, साथ ही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान अनुसार एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम निमित्त जिला भाजपा द्वारा प्रत्येक मंडलों में मुख्य वक्ता के रूप भैसोदा मंडल में विधायक चन्दरसिंह सिसोदिया, भानपुरा मंडल में पूर्व विधायक देवीलाल धाकड, गरोठ मंडल में भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष रणजीतसिंह चौहान, खड़ावदा मंडल में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, मेलखेड़ा मंडल में भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश काला, शामगढ़ मंडल में भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राजु चावला, सुवासरा मंडल में भाजपा नेता जितेन्द्रसिंह चौहान, बसई मंडल में जिला मंत्री नरेन्द्र पाटीदार, सीतामऊ ग्रामीण मंडल में भाजपा नेता अर्जुन सोनी, सीतामऊ मंडल में भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौड, कयामपुर मंडल में भाजपा नेता नरेश चंदवानी, धुंधडका मंडल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, गुर्जरबर्डिया मंडल में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पिपल्यामण्डी मंडल में जिला उपाध्यक्ष शिवराजसिंह राणा, मल्हारगढ मंडल में भाजपा पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, बूढ़ा मंडल में पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष मानसिंह माछोपुरिया, दलौदा मंडल में भाजपा जिला महामंत्री गणपतसिंह आंजना, मगरामाता जी मंडल में पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसोदिया, मंदसौर ग्रामीण मंडल में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत आदि ने मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित होकर कहा की हम सब भारत के सच्चे सपूत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मना रहे हैं। उनकी जयंती पर हम सबको उनके जीवन और कार्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए। डॉक्टर मुखर्जी ने अपना जीवन राष्ट्र की सेवा में समर्पित कर दिया और हमें एक सशक्त और अखंड भारत का सपना दिखाया।

डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में सक्रिय भूमिका निभाई और बाद में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने भारतीय संस्कृति और हिंदू सभ्यता के मूल तत्वों पर जोर दिया और राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा दिया। डॉक्टर मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 का विरोध किया और इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी। आज डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर हम सबको उनके आदर्शों और मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेना चाहिए और राष्ट्र की सेवा में अपना योगदान देने का प्रयास करना चाहिए। सभी मंडलों में सहयोगी के रूप में क्रमशः अजय तिवारी, राजेश चौधरी, राजेश सेठिया, सुनिल पटेल, मनुप्रिया यादव, लालसींह डुंगावत, दिलीप गुप्ता, ओमप्रकाश परमार, जगदीश परमार, अशोक सूर्यवंशी, राधेश्याम जाट, विजय सुराना, विनय धनगर, राजकुमार गौड़, पुलकित पटवा, जीवन शर्मा, राजेश नामदेव, राजकुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्षगण अरविंद सारस्वत, उमेश पाटीदार, आदित्य मंगरोलिया, गोकुलसिंह चौहान, सीताराम चारण, महेन्द्र पहाडिया, नीलकमल मेहता, दिलीप सिंह तरनोद, जुझार सिंह गुर्जर, धनसुख पाटीदार, जितेन्द्र बामनिया, महेंद्र सिंह गौड, राजेश धाकड, भेरूलाल सेन, राकेश पाटीदार, आशीष विजयवर्गीय, विकास सुराणा, गोपाल पाटीदार, नेपाल सिंह सिसोदिया, विनोद डगवार सहित जिला एवं मंडल पदाधिकारीगण, जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

# राज्यसभा सांसद निधि से इंदिरा नगर व शंखेश्वर नगर में सीसी रोड़ बनेंगे

## सांसद गुर्जर, भाजपा मण्डल अध्यक्ष सारस्वत, नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने भूमिपूजन किया




**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर नपा परिषद के द्वारा रविवार को वार्ड नं. 4 इंदिरा नगर रोड नं. 1 एवं वार्ड नं. 5 स्थित शंखेश्वर पार्श्वनाथ नगर में सीसी रोड निर्माण कार्य प्रारंभ करने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड नं. 4 की इंदिरा नगर रोड नं. 1 के सीसी रोड निर्माण के लिये राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने 13 लाख रू. की राशि दी है। इस सड़क के निर्माण पर लगभग 33 लाख रू. की लागत आयेगी शेष 18 लाख रू. की राशि नपा परिषद वहन करेगी। इसी प्रकार वार्ड नं. 5 के शंखेश्वर पार्श्वनाथ नगर में सीसी रोड निर्माण के लिये राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने 12.50 लाख रू. की राशि दी है। इस प्रकार दोनों निर्माण कार्यों पर नगरपालिका राज्यसभा निधि सहित लगभग 45 लाख रू. की राशि खर्च करने जा रही है। इसमें 25.50 लाख रू. की राज्यसभा निधि भी शामिल है। कल रविवार को हुए इन दोनों निर्माण कार्यों का भूमिपूजन राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर, नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर, भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत, क्षेत्रीय पार्षदगण सत्यनारायण भांभी, आशीष गौड एड. के द्वारा किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में नपा उपाध्यक्ष श्रीमती नम्रता चावला, जिला रेडक्रास सोसायटी के चैयरमेन प्रीतेश चावला, पूर्व नपाध्यक्ष राम कोटवाणी, युवा नेता भानुप्रतापसिंह सिसौदिया, सभापतिगण रमेश ग्वाला, निलेश जैन, कौशल्या बंधवार, दीपमाला मकवाना, सभापतिगण रमेश ग्वाला, निलेश जैन, कौशल्या बंधवार, भाजपा जिला मंत्री श्रीमती प्रीति रोखले, भाजपा मण्डल महामंत्री केशरीमल जटिया, अमन फरक्या, पूर्व नपा सभापति कैलाश सिसौदिया, भाजपा मण्डल उपाध्यक्ष पियुष जैन पानवाला, पार्षदगण सुनीता भावसार, रेखा राजेश सोनी ऐरावाला, नंदलाल गुजरिया, महिला नेत्री पूजा ठाकुर, क्षेत्रीय नागरिकगण विनोद साल्वी एड., उमा सैनी, नरेन्द्र गर्ग, रविन्द्र शर्मा, राजु टिप्पण, जगदीश टिप्पण, किशन पंवार, राधेश्याम चंदेल, इमरान खान, हबीब खान, प्रिंस सिसौदिया, अनिल अठवाल एडवोकेट, दीपू यादव, प्रतापसिंह चन्द्रावत, मुकेश सिसौदिया, जितेन्द्र पंवार, पप्पू यादव, हेमंत यादव, महेश कानुनगो, विद्या कछोतिया, दिलीप पंवार, कैलाश सौलंकी आदि कई गणमान्य नागरिकगण भी उपस्थित थे।

राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने इस अवसर पर दोनों वार्डों में नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि सीसी रोड की क्षेत्र के नागरिकों को लम्बे समय से प्रतिक्षा थी। आज डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर दोनों निर्माण कार्यों का श्री गणेश होने जा रहा है दोनों स्थानों पर सीसी रोड अच्छी बने इसके लिये आम जनता भी सहयोग करे। निर्माण कार्य पर निगरानी रखे तथा सीसी रोड निर्माण के दौरान यातायात प्रतिबंधित रखेंगे तो वे रोड लम्बे समय तक बनी रहने वाली बनेगी और आम जनता को इसका लाभ मिलेगा। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने कहा कि नगरपालिका मंदसौर नगर के विकास में कोई कसर नहीं छोड रही है। जहां भी आवश्यकता है वहां राज्यसभा सांसद श्री गुर्जर ने राज्यसभा निधि दी है। नगर में जहां भी आवश्यकता और होगी वहां हमें उनका सहयोग मिलेगा। मंदसौर नगर में आगामी समय में और भी विकास के काम होंगे। भाजपा उत्तर मण्डल अध्यक्ष श्री अरविन्द सारस्वत ने कहा कि भाजपा आपके सुख दुख में साथ खड़े रहने वाली पार्टी है नगर में जहां भी विकास हुआ है भाजपा के जनप्रतिनिधियों एवं नपा परिषद ने ही किया है। कार्यक्रम के अंत में आभार क्षेत्रीय पार्षदगण आशीष गौड व सत्यनारायण भांभी ने माना।

## पशुपतिनाथ लोक निर्माण में चित्र स्थापना हेतु मंदिर इतिहास के चित्रों की प्रतियोगिता आयोजित

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान पशुपतिनाथ मंदिर मंदसौर शहर की पहचान है। वर्तमान में पशुपतिनाथ लोक निर्माण का कार्य प्रचलित है, जिसके अंतर्गत पशुपतिनाथ मंदिर के इतिहास के संबंध में चार/छ: नग चित्र पत्थर में उकेर के बनाए जाने हैं। उक्त चित्रों के संबंध में प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई हैं।

जिस किसी भी प्रतियोगी के चित्र /फोटो/डिजिटल फोटो/आर्टिस्टिक फोटो/ अख फोटो/ चित्रकारी फोटो चयनित की जाएगी। उस फोटो को पशुपतिनाथ लोक परिसर में स्टोन वर्क में परिवर्तित कर लगाया जाएगा। चयनित प्रतियोगी को जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित भी किया जाएगा। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर इतिहास के संबंध में जानकारी नीचे दी गई वेबसाइट पर देखी जा सकती है। https://www.mptourism.com/pashupatinath-temple- in-mandsaur-madhya-pradesh. html, https:// religious. mponline.gov.in/pashupatinath, https://pashupatin athmandsaur.com अधिक जानकारी के लिए मंदिर कार्यालय से इतिहास के संबंध में पुस्तक ली जा सकती हैं। चित्र जमा करने की अंतिम तिथि 12 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। सभी प्रतियोगी अपने चित्र मंदिर कार्यालय में 12 जुलाई शाम 5 बजे से जमा कर सकते हे। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8319099727 पर संपर्क करें।

# जीवन में सत्संग मिल जाए तो लोक सुधर जाता है-दिग्विजयरामजी




**मनासा, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भगवान से हमें मानव शरीर का मिलना ही दुर्लभ है और जीवन में भाग्य से सत्संग मिल जाए तो संत के क्षण का, पसीने के धन का, अन्न के कण का जो सद उपयोग कर लेता है, उसका लोक भी सुधर जाता है।

उपरोक आशय के प्रेरणाप्रद उदगार अंतराष्ट्रीय राम स्नेही संप्रदाय के युवा संत जो देश विदेश में अपनी वाणी से मानव जीवन को धन्य के देती है रमता राम जी महाराज के कृपापात्र शिष्य दिग्विजयराम जी ने मंदिरों की नगरी मनासा में श्री रामद्वारा मनासा में शनिवार की रात्रि बेला में आयोजित एक दिवसीय प्रवचन में दिए। भक्तों से खचाखच भरे पंडाल में दिग्विजय रामजी ने बताया की हमारे इस तन ओर मन का उपयोग हम परमात्मा के सत्संग में लगाए तो जीवन को सार्थक कर देगा। जीवन में सीरियल से जितना आनंद नही मिलता उससे ज्यादा रियल का आनंद ज्यादा आएगा सत्संग रियल हे। जीवन में अगर हमने राम भजन कर लिया तो ये जीवन सार्थक हो जाएगा।शरीर भोजन से चलता है और आत्मा सत्संग से चलती हे जिस तरह शरीर के लिए भोजन आवश्यकभी उसी तरह आत्मा के लिए सत्संग का होना जरूरी है।

संत श्री ने कहा की संसार में किसी को खुश रखना हे तो परमात्मा को खुश रखो या स्वय को खुश रखो ,आप से दुनिया वाले कभी खुश नहीं रह सकते हे क्यों की वे भगवान से खुश नहीं रह सकते तो आप क्या हो। इस दुनिया में लोगों को दूसरों में कमी निकलने की आदत बड़ी समस्या हे। नीति कहती हे जिसने अपने जीवन मे कभी धर्म नहीं किया, कभी दान नहीं किया, कभी सेवा कार्य नहीं किया कभी ईश्वर का भजन नहीं किया हो वह आदमी आदमी नहीं वह पशु के समान है। संत श्री बने बताया की सत्संग के माध्यम से ही हमें जीवन जीने की प्रेरणा मिलती हे। आप ने बताया की भगवान का भजन तर्क के धरातल भी खरा उतरता हे आज की पीढ़ी का युवा पूछता हे की सत्संग से हमे क्या लाभ मिलने वाला हे ?आज के समय में लाभ नहीं बताओ वह नहीं मानता हे। विज्ञान भी सत्संग के लाभ को मानने लगा हे इसके लिए आदमी को चार वर्गों में बाँटा गया पहले में 16वर्ष तक के बच्चे, दूसरे में 16वर्ष से 25 वर्ष तीसरे में 30से60 चौथे में 60से उप्रर वरिष्ठनागरिक लिए गए।इन चारों वर्गों को 15-15 दिन तक भगवान का नाम लेने को कहा गया। 15दिन के बाद यह पाया गया कि बच्चों में 20प्रतिशत तक याद याददाश्त बढ़ी हे, दूसरे वर्ग में 20 प्रतिशत आत्म विश्वास बढ़ा, तीसरे वर्ग में 20 प्रतिशत तक सहनशक्ति बढ़ी व चौथे में जिनमें वरिष्ठनागरिक थे उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ी हे।यह हे भगवान का नाम लेने की महिमा का असर। बच्चो में भगवान का नाम लेने की बात कहे निश्चित रूप से इसका असर होगा। युवा संत श्री दिग्वजय रामजी के प्रवचनों को श्रवण करने हेतु रामद्वारा परिसर पूरा भरा पड़ा था।संत श्री के भगवान जगन्नाथ व मीरा बाई के मधुर भजनों के रस का उपस्थित भक्तों ने भरपूर आनंद लिया। साथ ही 6 जुलाई से चितौड़गढ रामद्वारा में चातुर्मास में आने का आमंत्रण भी दिया। विद्वान संत श्री रमता राम जी महाराज व युवा संत श्री दिग्विजय राम जी का नारायण सेवा परिवार ने आत्मीय स्वागत किया व राम स्नेही सम्प्रदाय मनासा परिवार ने शाल श्रीफल के साथ भेट देकर स्वागत किया।

## सांसद सुधीर गुप्ता के प्रयासों से रेल सुविधा विस्तारित हुई...

# अब मंदसौर सीधे तिरुपति से भी जुड़ा



**मंदसौर/नीमच, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** रेलवे में अब मंदसौर से तिरुपति जाने वाली यात्रियों के लिए खुश खबर आई है। सांसद सुधीर गुप्ता के लगातार प्रयासों से रेलवे द्वारा पूर्व में संचालित काचीगुड़ा हिसार ट्रेन के बाद में यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने इसे पुन: विस्तारित किया और अब इसे हिसार तिरुपति विस्तारित किया गया है। जिससे खाटू श्याम जाने वालों के लिए एक और एक नई ट्रेन की सौगात मिली है, वहीं अब तिरुपति जाने वाली यात्रियों के लिए सीधे मंदसौर से तिरुपति हेतु साधन उपलब्ध हो गया है।

सांसद सुधीर गुप्ता के अथक प्रयास क्षेत्र के विकास में लगातार नए आयाम छू रहे हैं। लगातार ट्रेनों के ठहराव से संसदीय क्षेत्र महानगरो से तो जुड़ ही रहा है साथ ही धार्मिक स्थलों से भी इसमें लगातार विस्तार हो रहा है। रेलवे द्वारा नई स्पेशल ट्रेन 07717 तिरुपति-हिसार-तिरुपति विशेष सेवा संचालन 10 जुलाई से प्रारंभ किया जा रहा है। यह टेन इसका परिचालन हिसार-रिंगस-अजमेर-मंदसौर - रतलाम-सूरत- नांदेड़- काचेगुड़ा-तिरुपति मार्ग पर होगा। सांसद गुप्ता ने बताया कि पर्यटन की दृष्टि से भी ट्रेन महत्वपूर्ण है।क्षेत्र के यात्रियों को श्री तिरूपति व खाटूश्याम जैसे महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों का लाभ मिलेगा। सांसद गुप्ता ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट किया।



## आम आदमी पार्टी की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आम आदमी पार्टी मंदसौर इकाई द्वारा प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मंदसौर जिला कार्यालय में बैठक आयोजित की, जिसमें आगामी नगर पालिका मंदसौर वार्ड पार्षदों के चुनाव की तैयारी को लेकर रणनीति बनाई गई एवं शहर के अहम मुद्दों को लेकर चर्चा की। बैठक में जिला अध्यक्ष यशवंत धाकड़, लीगल विंग गंगाराम पाटीदार, मीडिया प्रभारी प्रकाश दोसावत. पूर्व यूथ विंग अध्यक्ष अरुण परमार, जिला सहसचिव इस्माइल मेव, जिला सचिव विकास अग्रवाल, सक्रिय कार्यकर्तागण डॉ प्रकाश परमार, जाकिर हुसैन, धर्मेंद्र नायक एवं राजा भाई उपस्थित थे।

# आमजन व शिवना योद्धाओं के सहयोग से ही शिवना शुद्धिकरण अभियान हुआ सफल-विधायक



**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कल - कल बहने वाली हमारी आस्था व संस्कृति की प्रतीक शिवना नदी है। काफी सालों से यह नदी पूरे साल भर साफ और स्वच्छ नहीं रह पाई उसका मुझे दुख हे। उक्त विचार मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन ने रविवार को शिवना शुद्धिकरण के 52 वे दिन भगवान पशुपतिनाथ नदी तट पर श्रमदान करते हुए व्यक्त किये। श्री जैन ने कहा कि कई सालों से शिवना नदी को प्रदूषण मुक्त करने की कई योजनाओं पर काम हुआ पर सफल नहीं हो पाया। श्री जैन ने कहा कि लगातार एक दो साल तक यह शुद्धिकरण का कार्य आमजन व शिवना शुद्धिकरण के योद्धाओं के सहयोग से चलेगा। उसके बाद यह नदी साफ, स्वच्छ और सुंदर दिखने लगेगी। श्री जैन ने सभी आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि नदी में कचरा नहीं डालें इसे साफ रखें। रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान में श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री रामनारायण मालवीय रिटायर्ड फौजी, हेमराज खाबिया, भंवरलाल प्रजापत, रमेश सोनी, विजय आनंद, राकेश जैन पिंटू, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, इन्द्रेश कुमावत भगत, महीपालसिंह पंवार, राकोदा गांव से मूलचंद पाटीदार, मुकेश पाटीदार महिला नेत्रीयों में इष्टा भाचावत, वर्षा धोसरिया, मीना चौहान, भागवंती बामनिया, कौशल्या त्रिवेदी, कांग्रेसजन मे सर्वश्री तरूण खीची, विकास दशोरा, राजनारायण लाड, राजेश फरक्या, रमेश सिंगार, मनोहर नाहटा, मनोज जेन, अजय सोनी, अशोक राव, महेश गुप्ता, सोहनलाल धाकड़, दुर्गेश चंदेल, अकरम खान, शिवशंकर सोलंकी, गणपत कुमावत, नितनेश बसेर ,राजेश चौधरी, राकेश सेन, गोपाल बंजारा, राजाभाई, ऋषिराज लाड़, आदि श्रमदान में उपस्थित थे।

# राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध-मुख्यमंत्री



**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारी सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सभी वर्गों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। राज्य सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। बगैर सर्वे, बगैर तैयारी, आरक्षण देने की बात करके फैलाए गए भ्रम के कारण यह मामला कोर्ट में लंबित रहा। आरक्षण के संबंध में तथ्यात्मक आंकड़ों के आधार पर विधानसभा में बिल प्रस्तुत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार 14 प्रतिशत आरक्षण से शेष बचे लोगों को आरक्षण का लाभ दिलाने की दिशा में प्रभावी कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में सामान्य वर्ग के गरीब परिवारों के लिए भी 10 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। ऐसे विद्यार्थी जो न्यायालयीन प्रक्रिया के कारण ज्वाइनिंग नहीं दे पाए, उनको ज्वाइन कराने के भी प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने अधिकारियों- कर्मचारियों की पदोन्नति के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर जातिगत जनगणना की प्रक्रिया भी आरंभ हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समन्वय भवन में मीडिया से चर्चा में यह विचार व्यक्त किए।




## स्वच्छता हमारा स्वास्थ्य कवच है-भावनानी

**मंदसौर, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हम सबको मिलकर भारतवर्ष को एक सर्वशक्तिमान राष्ट्र बनाना है। इसके लिए हमारा स्वस्थ रहना पहली आवश्यकता है और हर भारतवासी को स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता अति आवश्यक है। यह तभी संभव है, जब हम अपने मन्दसौर नगर के साथ ही अपने आसपास के क्षेत्र को भी स्वच्छ रखेंगे। इसमें नगरपालिका प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है। आओ, हम सब मिलकर स्वच्छ मन्दसौर - स्वस्थ मन्दसौर की परिकल्पना को साकार करें क्योंकि स्वच्छता हमारी स्वास्थ्य कवच है। उक्त बात समाजसेवी श्रीचंद भावनानी ने कही। वे अनुराग संस्था द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण व जल संवर्धन को लेकर निकाली जाने वाली जनजागरण पदयात्रा के अवसर पर अपनी भावना व्यक्त कर रहे थे। अनुराग जनजागरूकता पद यात्रा में चंद्रशेखर गौड़, सुरेशकुमार सावरा, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, राजेश मेडतवाल, दिलीपकुमार काले, रमेश सोनी, रामचंद्र रैकवार, बंशीलाल टांक आदि गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।

## मऊखेड़ा में गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण आग, एक घायल

**सीतामऊ, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सोमवार सुबह गांव मऊखेड़ा में गैस सिलेंडर लीक होने से शिवपाल सिंह पिता बालू सिंह के घर में आग लग गई। जिससे घर पूरी तरह जलकर खाक हो गया। घटना में शिवपाल सिंह झुलसकर घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही घर से धुआं निकला, आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। सीतामऊथाने और 100 डायल को सूचना दी गई। जिसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया गया। ग्रामीण विनोद ने आरोप लगाया कि गैस कंपनी के वाहन चालक टंकियां रोड पर फेंक देते हैं। जिससे अंदर का वॉल्व ढीला हो जाता है और गैस रिसाव की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने इस तरह की लापरवाही को हादसे की वजह बताया और संबंधित एजेंसियों से सख्त कार्रवाई की मांग की। आग लगने से पूरे घर का सामान जलकर राख हो गया। जिससे परिवार को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है।



# मिनी गोवा में हादसा, युवक की डूबने से मौत

## गहरे पानी में जाने से डूबे कोटा और केशवपुर के युवक, एक की मौत

**भानपुरा, 06 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पर्यटन के लिए मशहूर भानपुरा का कवंला स्थित मिनी गोवा रविवार दोपहर एक दुखद हादसे का गवाह बन गया। जलक्रीड़ा के दौरान गहरे पानी में चले जाने से एक युवक की मौत हो गई। जबकि, दूसरे युवक को बचा लिया गया।

मृतक की पहचान चेतन पिता सुरेश उम्र 25 वर्ष निवासी कोटा (राजस्थान) के रूप में हुई है। वहीं दूसरा युवक सोनू पिता मोहन यादव, निवासी केशवपुर (म.प्र.) बताया गया है। दोनों युवक पानी में तैरते हुए गहरे हिस्से में चले गए। वहां का जल स्तर अधिक होने के कारण चेतन की मौके पर ही डूबने से मौत हो गई। जबकि, सोनू को आसपास मौजूद पर्यटकों और पुलिस की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला गया।

सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और तत्काल राहत व बचाव कार्य शुरु किया गया। मृतक का शव पानी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने घटनास्थल पर मौजूद सभी पर्यटकों को बाहर निकालकर कवंला के मिनी गोवा स्थल को अस्थायी रूप से बंद कर दिया है। मामले में थाना भानपुरा पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। प्राथमिक तौर पर यह हादसा पानी में गहराई का अनुमान न लगा पाने के कारण हुआ माना जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भानपुरा अस्पताल भेजा गया है।


**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी दलौदा जिला मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक MIG, III-159 श्री सामंत सिंह सिसोदिया पिता श्री रघुवीर सिंह सिसोदिया मण्डल आदेश क्रमांक 1440 दिनांक 10.06.2023 द्वारा आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड का पट्टाभिलेख दिनांक 28.03.2024 को उप-पंजीयक कार्यालय में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। आपके द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्रीमती ज्योति कुंवर पति श्री बलवंत सिंह को कर विक्रय पत्र दिनांक 10.06.2025 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्रीमती ज्योति कुंवर पति श्री बलवंत सिंह अपने नाम पर करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण श्रीमती ज्योति कुंवर पति श्री बलवंत सिंह के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in